Bal Bharati
PUBLIC SCHOOL
Sector-21, Noida, G.B. Nagar

बाल सभा गतिविधि रिपोर्ट (2023-24)
मेरे सपनों का भारत (कविता वाचन)

"भाषा की समृद्धि स्वतन्त्रता का बीज है !"

उत्साहित विजेता

बाल सभा गतिविधि ' **मेरे सपनों का भारत** ' के अंतर्गत कक्षा १ तथा २ के सभी विद्यार्थियों ने कविता वाचन प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह गतिविधि दो चरणों में पूर्ण हुई। पहले चरण में कक्षाध्यापिका द्वारा दो श्रेष्ठ प्रतिभागी चुने गए। स्पर्धा के नियम पहले से साझा किये जा चुके थे।

हमारी मार्गदर्शिका एवं प्रेरणास्त्रोत

अंतिम और निर्णायक चरण में प्राथमिक विभाग की प्रधानाचार्या श्रीमति विनया पुजारी और जज श्रीमती पूनम ने अपनी उपस्तिथि द्वारा कार्यक्रम को गौरवान्वित कर सभी शिखर पर पहुँचने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन किया ।

छात्रों ने अपनी सर्वोत्तम कविताओं के माध्यम से न केवल सबका मन मोह लिया अपितु एक दूसरे की रचनाओं को समझने और सराहना करने का आनंद लिया। ऐसी गतिविधियाँ छात्रों को साहित्य और कला में रूचि बढ़ाने का अद्वितीय मंच प्रदान करतीं हैं ।

जज महोदया - निर्णायक क्षण

इस प्रतियोगिता में पहले, दूसरे, और तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी गई और उन्हें सम्मानित किया गया। उनकी उत्कृष्ट कलाएँ हमारे विद्यालय को गर्वित बनाती हैं और सभी को साहित्य के प्रति नई रूचि और समर्पण के प्रति प्रेरित करती हैं।

मिले सुर मेरा तुम्हारा

इस साहित्यिक प्रतियोगिता ने हमें यह दिखाया कि हमारे विद्यालय में न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि कला और साहित्य में भी उत्कृष्टता का माहौल है। आने वाले कल में भी ऐसे उत्सवों का आयोजन होता रहे, जो हमारे छात्र-छात्राओं को साहित्य के साथ जोड़कर उनकी सृष्टिशीलता को बढ़ावा देगा।

बाल सभा परिणाम
अंतर्वर्गीय
तिथि : 31 - 01 – 2024

गतिविधि- मेरे सपनों का भारत (कविता वाचन)

कक्षा	नाम	पद
I A	श्रिया किशोर जी.	प्रथम
I D	अबयान आज़िम	द्वितीय
I B	प्रसन्न ग्रोवर	तृतीय

कक्षा	नाम	पद
II D	सायशा ठुकराल	प्रथम
II C	रुद्राक्ष मिश्रा	द्वितीय
II F	कीर्तिका श्रीवास्तव	तृतीय

संयोजिका :
श्रीमती पूजा कपूर

पर्यवेक्षक :
श्रीमती विनया पुजारी